हिन्दुस्तान
मंगलवार
25 अगस्त 2026, श्रावण शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, विक्रम सम्वत् 2083, बरेली

PAGE NO 7 : BOTTOM

# एसआरएमएस में शुरू हुआ पुलिस सहायता केंद्र

**सुविधा**

**भोजीपुरा, संवाददाता।** राममूर्ति मेडिकल कॉलेज परिसर में पुलिस सहायता केंद्र बनाया गया है। सोमवार को एसएसपी अनुराग आर्य ने फीता काटकर और शिलापट का अनावरण कर पुलिस बूथ का उद्घाटन किया।

उद्घाटन के दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, मेडिकल कालेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति भी मौजूद रहे। मेडिकल कॉलेज में पुलिस बूथ खुलने से अब वहां 24 घंटे पुलिस मौजूद रहेगी। यह पुलिस बूथ आधुनिक और पूरी तरह वातानुकूलित है। उद्घाटन के बाद एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी नॉर्थ मुकेश चन्द्र मिश्र और सीओ हाईवे देवेश सिंह ने मेडिकल कॉलेज में बने पोस्टमार्टम हाउस का भी निरीक्षण किया। इसके बाद नैनीताल रोड पर कांवड़ियों को फल वितरण कर पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर भोजीपुरा इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम राजबली, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, जीएम कर्नल डॉ. राजा माजी, मैनेजर विनीत शर्मा व अजीत सिंह सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



पुलिस सहायता केंद्र का उद्घाटन करते एसएसपी, एसपी नॉर्थ और देवमूर्ति।